Conditionals

जब किसी कार्य का पूरा होना किसी शर्त के पूरा होने पर निर्भर करता है तो उसे हम conditional कहते है।

Condition (शर्त) Real भी हो सकती है या Unreal भी, वो Present (वर्तमान) में भी हो सकती, Past (भूतकाल) भी हो सकती है या Future (भविष्य) में भी हो सकती है।

जैसे –

अगर वह मुझे पार्टी में बुलाएगा, तो ही मैं पार्टी में जाऊँगा।

अगर मैं तेरी जगह पर होता तो जॉब छोड़ देता।

अगर आपने पढ़ाई की होती तो आज फेल नही होते|

Conditional Sentences में एक कार्य का होना दूसरे कार्य पर निर्भर करता है।

इसमें दो clause होती है

If clause– यह Condition को दिखाती है।

Main Clause– यह शर्त की परिणाम को दिखाती है।

जैसे –

If you had studied, you would not have failed today.

Note: – एक Sentence में कभी भी दो Modals Verb का प्रयोग नहीं किया जाता है। साथ ही If Clause के साथ Modals Verb का प्रयोग नहीं किया जाता है।

Mainly There Are Four Types of Conditional Sentences Rules

1. Zero Conditional Sentence (Type-0)
2. First Conditional Sentences (Type-1)
3. Second Conditional Sentences (Type-2)
4. Third Conditional Sentences (Type-3)

Zero Conditional Sentences Type- 0

इस प्रकार के वाक्यों में हम *General Truths* या *Scientific Facts* पर बात करते है जो आमतौर पर सच होते है। इस प्रकार के वाक्यों में किसी भी प्रकार की कोई शर्त नहीं होती। जैसे: – पानी १०० डिग्री से ज्यादा गरम करने पर उबलने लगता है।

पहचान: – अगर ये होता है, ... तो ये होता है।

Rule: – If/When + Present Simple...Present Simple.

Examples: -

- अगर बर्फ पिघलती है, तो वह पानी में बदल जाती है।
- If the ice melts, it converts into water.

- अगर लोग ज्यादा खाते है तो वो मोटे हो जाते है।
- People get fat if/when they eat excessively.

- अगर मैं दूध पीता हूँ, तो मुझे ऊर्जा मिलती है।

- यदि आप पानी को 100 डिग्री से ऊपर गरम करते हो, तो वह उबलने लगता है।

- अगर तुम दो में दो जोड़ो तो चार होते हैं।
  If you add two to two, there are four.

- यदि आप पानी पर तेल डालें तो यह तैरता है।
  If you pour oil on the water, it floats.

First Conditional Sentences Type- 1

इसका प्रयोग ऐसी स्थिति या अवस्था का वर्णन करने के लिए किया जाता है जिसको भविष्य में प्राप्त किया जा सकता है या भविष्य में प्राप्त करने योग्य है, अगर शर्त पूरी की जाए तो। जैसे – यदि आप कठिन अध्ययन करोगे तो, आप परीक्षा में पास हो सकते है।

पहचान: – अगर ये हो/करे/करेंगे, ... तो वो होगा/हो सकता है।

Rule: – If/When + Present Simple......Will/May/Might/Could.

Examples: –

- अगर आज बारिश हुई, तो शायद वो मीटिंग कैंसिल कर देंगे।
- **If it rains today, he might cancel the meeting.**

- अगर मैं जल्दी आ गया, तो मैं पार्टी में जा सकता हूँ।
- **If I arrive early, I may go to the party.**

- अगर तुम उसे नहीं बुलाओगे, तो मैं भी नहीं आऊंगा।
- **If you don't invite her, I won't come either.**
- यदि आप समय पर नहीं आओगे, तो हमें देर हो जाएगी।

- अगर आप मुझे गाली देंगे ,तो मैं आपका जबड़ा तोड़ दूंगा।

- अगर वह मुझसे बात नहीं करेगी, तो मैं भी उससे बात नहीं करूंगा।

Second Conditional Sentences Type- 2

यह वर्तमान में काल्पनिक या अवास्तविक (Hypothetical Or Unreal) अवस्था को दर्शाता है, यह कंडीशनल वर्तमान में हमारी कल्पना को दिखाता है, परन्तु इसमें वह काल्पनिक अवस्था होती है जो हो सकता है भविष्य में पूरी हो जाए। जैसे: – अगर मेरे पास पैसे होते, तो मैं तुम्हारी मदद जरूर करता। (If I had money, I would definitely help you.)

पहचान: – अगर ये होता, …… तो ये हो पाता/जाता

Rule: – If + Past Simple…Would/Could

Examples: –

- अगर मैं एक कबूतर होता तो आसमान में उड़ता|
  If I were a pigeon I would fly in the sky.

- अगर मैं अमीर होता तो मैं एक कार खरीद लेता|

- अगर मेरे पास किताब होती, तो मैं आपको दे देता।

- अगर तुम चोर होते तो मैं तुम्हें पीट रहा होता।
- If you were a thief, I would be beating you.

- अगर मेरे पास एक कार होती, तो मैं उसे चला रहा होता।

- If I had a car, I would be driving that.

- अगर मेरे पास बंदूक होती, तो मैं तुम्हें गोली मार देता।

- अगर मैं तुम्हारी जगह होता, तो मैं उसे बुरी तरह से पीटता।
- If I were you, I would beat him badly.

- अगर आप उसे आमंत्रित करते, तो वह जरूर आती।

- अगर मैं अमित की जगह होता, तो ऐसा कभी नहीं कहता।
- If I were Amit, I would not say those things.

Third Conditional Sentences Type- 3

इस प्रकार के वाक्यों का प्रयोग तब किया जाता है जब हम एक ऐसी स्थिति के बारे में बात करते है जो पूरी तरह से काल्पनिक है। ये कंडीशनल अतीत की बात करता है। यह एक ऐसी स्थिति को प्रदर्शित करता है जिसका होना अब असंभव है। जैसे: – यदि वे उसे पहले अस्पताल ले जाते, तो उसकी मृत्यु नहीं होती।

पहचान: – अगर ऐसा हुआ होता, ... तो ऐसा हो चूका होता/कर पाता/सकता था।

Rule: – If + Past Perfect.... Would Have/Could Have

Examples: –

- अगर मैंने थोड़ा बेहतर खेला होता, तो मैं मैच जीत सकता था।
- If I had played a little better, I could have won the match.

- अगर एंबुलेंस समय पर पहुंच जाती तो मरीज को बचाया जा सकता था।

- यदि रोहन के पास समय होता, तो वह बेहतर अध्ययन कर सकता था।
- If Rohan had had time, he could have studied better.

- अगर मैं तैरना जानता होता, तो मैं इसे डूबने से बचा लेता।

- अगर आपने उस दिन मेरी बात सुनी होती, तो ऐसा नहीं होता।

English L